कक्षा – VIII   विषय – हिन्दी   सेट – II

पूर्णांक – 20

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

I मित्र का कर्त्तव्य इस प्रकार बताया गया है, 'उच्च और महान कार्यों में इस प्रकार सहायता देना, मन बढ़ाना और साहस दिलाना कि तुम अपनी–अपनी सामर्थ्य से बाहर काम कर जाओ'। यह कर्त्तव्य उसी से पूरा होगा, जो दृढ़ चित्त और सत्य–संकल्प का हो। इससे हमें ऐसे ही मित्रों की खोज में रहना चाहिए जिनमें हमसे अधिक आत्मबल हो। हमें उनका पल्ला उसी तरह पकड़ना चाहिए, जिस तरह सुग्रीव ने राम का पल्ला पकड़ा था। मित्र हों तो प्रतिष्ठित और शुद्ध हृदय के हों, मृदुल और पुरुषार्थी हों, शिष्ट और सत्यनिष्ठ हों, जिससे हम अपने को उनके भरोसे पर छोड़ सकें और यह विश्वास कर सकें कि उनसे किसी प्रकार धोखा न होगा।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर प्रश्न संख्या 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से चुनिए :–

1) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक हो सकता है –

(A) मित्र

(B) शत्रु

(C) पुरुष

(D) देव।

2) सच्चा मित्र मिल जाने पर हम –

(A) सामर्थ्य के अंदर का काम कर पाते हैं

(B) सामर्थ्य के अनुसार काम नहीं कर पाते हैं

(C) सामर्थ्य से बाहर का काम भी कर पाते हैं

(D) सामर्थ्य से बाहर का काम नहीं कर पाते हैं।

3) हमें कैसे मित्रों की खोज में रहना चाहिए –

(A) जिनमें हमसे अधिक स्वच्छंदता हो

(B) जिनमें हमसे अधिक प्रेम हो

(C) जिनमें हमसे अधिक दिखावा हो

(D) जिनमें हमसे अधिक आत्मबल हो।

II नीचे दिए गए वार्त्तालाप में खाली स्थान प्रश्नसंख्या 4, 5 एवं 6 के रूप में क्रमांकित हैं, उन्हें उचित विकल्प से पूरा कीजिए –

दीपिका – देखो। वहाँ दुर्घटना घटी है –

पंकज – चलो उसकी (.....4......) करते हैं।

दीपिका – क्या फायदा? इसे गंभीर चोटें आई हैं। हम क्या कर सकते है?

पंकज – नहीं, इसके लिए अभी एक घंटा बहुत महत्वपूर्ण है। चलो तुरंत इसे (.......5.......) के पास ले चलते हैं।

दीपिका – तू क्यों डॉक्टर के चक्कर में फँसना चाहता है। जल्दी निकल यहाँ से।

पंकज – यह ठीक नहीं होगा। घायलों की सहायता करना हमारा (.......6........) है।

4) (A) सहायता (B) सहायता नहीं (C) अनदेखी (D) अवहेलना।

5) (A) दार्शनिक (B) शिक्षक (C) चिकित्सक (D) वकील।

6) (A) फर्ज (B) दया (C) कर्ज (D) मर्ज।

III चाँदनी रात प्रकृति की श्रृंगार है। ऐसी रात्रि में प्रकृति चाँद की चाँदनी से सौंदर्यमयी बन जाती है। चाँद की चाँदनी कुदरत को नई नवेली–दुल्हन की तरह सँवार देती है। सम्पूर्ण प्रकृति चाँदनी की श्वेत किरणों से जगमगा उठती है। रात विहँस पड़ती है। फिर प्राकृतिक सौंदर्य में चार चाँद लग जाते हैं।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर प्रश्नसंख्या 7 एवं 8 के उत्तर दीजिए –

7) चाँद की चाँदनी किसका श्रृंगार करती है –

(A) रात्रि (B) प्रकृति (C) स्त्री (D) वृक्ष।

8) 'चार चाँद लगना' का अर्थ होगा –

(A) शोभा बढ़ना

(B) चार चाँद दिखना

(C) शोभा घटना

(D) चार गुना रोशनी होना।

9) 'झारखण्ड के दो सपूत' शीर्षक पाठ में 'मरांग गोमके' किन्हें कहा गया है ?

(A) बाबू रामनारायण सिंह

(B) बिरसा मुंडा

(C) विश्वनाथ शाहदेव

(D) जयपाल सिंह मुंडा।

10) 'बस की यात्रा' शीर्षक पाठ कैसी रचना है ?

(A) मनोवैज्ञानिक

(B) हास्य व्यंग्यात्मक

(C) निबंधात्मक

(D) आत्मकथात्मक।

11) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुःख' शीर्षक कविता में बूढ़ी पृथ्वी को किस बात का दुःख है ?

(A) प्रकृति के दोहन का

(B) प्रकृति के प्रदूषण का

(C) a और b दोनों का

(D) पत्थरों के टूटने का।

12) 'अपराजिता' शीर्षक पाठ के अनुसार डॉ० चंद्रा को माइक्रोबायोलॉजी में डॉक्टरेट की उपाधि कब मिली ?

(A) 1975

(B) 1976

(C) 1977

(D) 1978।

13) समाचार पत्र में 'संपादकीय' किसके द्वारा लिखा गया लेख है –

(A) खेल पत्रकार

(B) सरकार

(C) समाचार पत्र के मालिक

(D) संपादक।

14) 'तालाब बाँधता धरम सुभाव' शीर्षक पाठ के अनुसार छत्रसाल के बेटे जगतराज ने बुंदेलखंड में तालाबों की मरम्मत करवाई थी, वे तालाब किसके द्वारा बनवाए गए थे –

(A) चंदेल शासकों

(B) राष्ट्रकूट शासकों

(C) चोल शासकों

(D) पाल शासकों।

15) 'अमरूद का पेड़' शीर्षक पाठ में अमरूद के पेड़ को क्यों काटा गया ?

(A) स्थान की कमी के कारण

(B) अंधविश्वास के कारण

(C) जलावन की लकड़ी के लिए

(D) फल में कीड़े लग गए थे।

16) 'तालाब' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है –

(A) सरोवर

(B) सर

(C) सरिता

(D) पोखर

17) 'इतिहास' शब्द में 'इक' प्रत्यय लगाने से नया शब्द कौन–सा बनेगा ?

(A) इतिहाासिक

(B) एतिहासिक

(C) ऐतिहासिक

(D) ऐतिहासीक

18) 'ठंडा–गरम' सामासिक पद में कौन सा समास है ?

(A) अव्ययीभाव

(B) द्विगु

(C) बहुव्रीहि

(D) द्वन्द्व

19) 'सम्मान' शब्द का विलोम क्या होगा ?

(A) विषम

(B) अपमान

(C) असमान

(D) आदर

20) 'अग्नि' शब्द उत्पत्ति के अनुसार किस प्रकार का शब्द है ?

(A) तत्सम

(B) तद्भव

(C) देशज

(D) विदेशज

विषय – हिन्दी **कक्षा – VIII** **सेट – II**

उत्तर :–

1 – A

2 – C

3 – D

4 – A

5 – C

6 – A

7 – B

8 – A

9 – D

10 – B

11 – C

12 – B

13 – D

14 – A

15 – B

16 – C

17 – C

18 – D

19 – B

20 – A